# आकाशवाणी शिमला

## 13.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने लोकभवन शिमला को घोषित किया ईंधन संरक्षण क्षेत्र–लोकभवन में कम होगा वाहनों का काफिला–रविवार को सरकारी गाड़ियों पर रहेगी रोक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–पैंशनरों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को आईजीएमसी शिफ्ट करने पर लगाई रोक–सरकार से मांगा जवाब।
- प्रदेश में नगर निगम व शहरी निकायों और पंचायत चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज–भाजपा ने मण्डी नगर निगम चुनाव के लिए संकल्प पत्र किया जारी।
- बारालाचा–ला दर्रे से होकर गुरजने वाला दारचा–सरचू मार्ग हल्के वाहनों के लिए खुला–पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा।

### राज्यपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आहवान पर लोकभवन शिमला को ईंधन संरक्षण क्षेत्र घोषित किया गया है। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज बताया कि लोकभवन शिमला में प्रत्येक रविवार को पैट्रोल फ्री संडे के रूप में मनाया जाएगा जिसके तहत रविवार के दिन कोई भी सरकारी वाहन ईंधन का उपयोग नहीं करेगा। रविवार को निर्धारित सभी सरकारी कार्य विडियो कांफ्रेंसिंग या सामूहिक यात्रा व्यवस्था के माध्यम से सम्पन्न किए जाएंगे। राज्यपाल ने अपने आधिकारिक काफिले के वाहनों को तत्काल प्रभाव से आधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट की समाप्ति और वैश्विक ईंधन की कीमतों के स्थिर आने तक वे किसी भी सरकारी कार्य के लिए राज्य सरकार के हैलीकॉप्टर का उपयोग नहीं करेंगे। राज्यपाल ने सभी संबंधित कुलपतियों से प्रदेश के विश्वविद्यालय परिसरों में तत्काल प्रभाव से ईंधन और ऊर्जा संरक्षण को संस्थागत रूप से अपनाने का आहवान किया है। कविन्द्र गुप्ता ने युवाओं से कार पूलिंग अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने, पैदल चलने व साईकिल चलाने को बढ़ावा देने की अपील की है।

### पैंशनर

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य के विकास में पैंशनरों और कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वे आज शिमला में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमण्डल से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विभागाध्यक्षों को चार दिन के भीतर चतुर्थ श्रेणी के पैंशनरों के बकाया का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पैंशन भोगियों और कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी मामलों को भी चार दिन में निपटाने के लिए कहा गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हर स्थिति में ओ.पी.एस. के लाभ जारी रखेगी।

### हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने पर रोक लगा दी है। इस मामले में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हिमाचल इकाई द्वारा दायर की गई एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चन्द्र नेगी की खण्डपीठ ने ये फैसला सुनाया। अदालत ने सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है।

इस बीच अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की हिमाचल इकाई ने उच्च न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

कर्नाटक के मैसूर में आयोजित विधानमण्डल निकायों के कार्य संचालन और प्रक्रिया नियमों के एक समान मॉडल विषय पर आधारित बैठक आज सम्पन्न हो गई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस बैठक में हिस्सा लिया और बताया कि बेहद महत्वपूर्ण विषय पर गहन व विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ये समिति दो महीनों के भीतर अपनी रिपोर्ट लोकसभा सचिवालय को सौंपेगी। कुलदीप पठानिया ने कहा कि यदि 28 राज्यों और आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में संसदीय प्रणाली के कार्यसंचालन में एकरूपता आ जाए तो इसके दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में सभी पीठासीन अधिकारियों ने अपने–अपने विधानमण्डलों में चलने वाली संसदीय नियमावली पर प्रकाश डाला और इसकी देशभर में एकरूपता की जोरदार पैरवी की।

**एचआरटीसी हड़ताल**

राज्य पथ परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों ने वेतन मिलने के बाद आज अपनी हड़ताल खत्म कर दी है। हालांकि निगम की चालक व परिचालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ने चेतावनी दी है कि अगर हर महीने की एक तारीख को कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला तो दो तारीख से वे अपनी सेवाएं नहीं देंगे।

**प्रचार**

प्रदेश में नगर निगम व स्थानीय शहरी निकायों सहित पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान गति पकड़ने लगा है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार, सुरेश कश्यप व डॉक्टर राजीव भारद्वाज सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एकजुट होकर बैठकों, सम्मेलनों, जनसभाओं और रैलियों का नेतृत्व कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि चुनावों को लेकर लोग उत्साहित हैं और मण्डी नगर निगम चुनाव में भाजपा इस बार प्रचण्ड जीत हासिल करेगी।

**कांग्रेस प्रचार**

उधर कांग्रेस पार्टी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने आज मण्डी में नगर निगम चुनाव को लेकर विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार कर लोगों से कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी आज मण्डी नगर निगम के तहत टारना, नीला और अन्य स्थानों पर चुनाव अभियान तेज करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मण्डी में जनता पर नगर निगम थोपा और पूर्व जयराम सरकार ने केवल सराज क्षेत्र का विकास ही किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी सरकार की योजनाओं को जनता के सामने रखा। अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने सोलन में चुनाव प्रचार करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील की।

**भाजपा संकल्प पत्र**

मण्डी नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा नेता व विधायक अनिल शर्मा ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य मण्डी को आधुनिक सुरक्षित, व्यवस्थित और पर्यटन की दृष्टि से विकसित शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं बल्कि आने वाले पांच वर्षों में मण्डी नगर निगम के विकास की ठोस कार्ययोजना है।

**दारचा सरचू**

करीब 16 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित बारालाचा–ला दर्रे से होकर गुजरने वाला दारचा–सरचू मार्ग हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया है। लाहौल स्पिति जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन की 70 आर.सी.सी. इकाई के संयुक्त प्रयासों से इस महत्वपूर्ण मार्ग को यातायात के लिए बहाल किया गया है।

उपायुक्त किरण भड़ाना ने बताया कि अगले तीन दिन तक यदि मौसम और सड़क की स्थिति सामान्य रही तो इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के खुलने से पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने लोकभवन शिमला को घोषित किया ईंधन संरक्षण क्षेत्र–लोकभवन में कम होगा वाहनों का काफिला–रविवार को सरकारी गाड़ियों पर रहेगी रोक।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–पैंशनरों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को आईजीएमसी शिफ्ट करने पर लगाई रोक–सरकार से मांगा जवाब।
- प्रदेश में नगर निगम व शहरी निकायों और पंचायत चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज–भाजपा ने मण्डी नगर निगम चुनाव के लिए संकल्प पत्र किया जारी।
- बारालाचा–ला दर्रे से होकर गुरजने वाला दारचा–सरचू मार्ग हल्के वाहनों के लिए खुला–पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा।